राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर 302004
फोन नं. 2708824, PBX No. 2711070 Ext No. - 2163 (for Professional)
Web site www. uniraj. ac. in, Email. <examcontrolleruor@gmail.com>

<u>अत्यावश्यक</u>

समस्त केन्द्राधीक्षक / प्राचार्य,
विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित
समस्त परीक्षा केन्द्र एवं संबंधित महाविद्यालय

क्रमांक– परीक्षा 4–अ / 2024 / 1946 दिनांक: 20/03/2024

विषयः– विश्वविद्यालय परीक्षा–2024 के सुगम आयोजन हेतु दिशा–निर्देश।

महोदय / महोदया,

जैसाकि आपको विदित ही है कि विश्वविद्यालय परीक्षा–2024 हेतु निर्धारित समय–सारिणीनुसार विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित किये गये परीक्षा केन्द्रों में पंजीकृत परीक्षार्थियों के संदर्भ में परीक्षाऐं आयोजित की जा रही है, इस हेतु परीक्षार्थियों को अस्थाई प्रवेश पत्र जारी किये गये हैं। विश्वविद्यालय परीक्षाओं के सफल, सुगम एवं निर्बाध संचालन हेतु निम्नानुसार दिशा–निर्देश जारी किये जाते हैः–

1. विश्वविद्यालय परीक्षाओं हेतु परीक्षार्थियों को अस्थाई परीक्षा प्रवेश पत्र जारी किये जा रहे हैं। परीक्षार्थी अपनी परीक्षाओं के दौरान अपने अस्थाई परीक्षा प्रवेश पत्र मय अपनी व्यक्तिगत वैद्य (Valid) पहचान पत्र (आधार / पैन / वोटर आई.डी. कार्ड इत्यादि) के साथ संबंधित परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करेगा, तदनुसार ही परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र / परीक्षा कक्ष में प्रवेश की अनुमति सुनिश्चित की जाये।
2. **अस्थाई परीक्षा प्रवेश पत्र एवं व्यक्तिगत पहचान पत्र (उपरोक्तानुसार) के आधार पर विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित की गई अधिकतम समय सीमा अर्थात परीक्षा प्रारम्भ होने से 20 मिनट पूर्व संबंधित परीक्षार्थियों का परीक्षा केन्द्र में प्रवेश (Entery) हर हाल में सुनिश्चित किया जायें।**
3. विश्वविद्यालय में उपलब्ध रिकार्ड के आधार पर ही संबंधित परीक्षार्थियों को अस्थाई परीक्षा प्रवेश पत्र जारी किये गये हैं, यदि विश्वविद्यालय परीक्षाओं में किसी परीक्षार्थी की प्रविष्टी (Appearance) भविष्य में गलत / विधि प्रतिकुल (Against/beyond the scheme of examination) पाई जाती है तो ऐसी स्थिति में संबंधित छात्र / छात्रा की परीक्षाओं में प्रविष्टि को नियमानुसार शुन्य (Null and Void) मानते हुए इनका परीक्षा परिणाम जारी नहीं किया जायेगा।
4. यदि विश्वविद्यालय द्वारा जारी किये गये अस्थाई परीक्षा प्रवेश पत्र में दर्ज सुचनाऐं / तथ्य (व्यक्तिगत विवरण, विषय आदि) में किसी प्रकार की त्रुटि (Error) पायी जाती है तो संबंधित परीक्षार्थी इस बाबत् परीक्षा प्रवेश पत्र जारी किये जाने की दिनांक से 03 दिवस के भीतर विश्वविद्यालय के संबंधित परीक्षा अनुभाग में अपने आवश्यक शैक्षणिक दस्तावेजों के साथ सम्पर्क कर प्रक्रियानुसार अपने परीक्षा प्रवेश पत्र में आवश्यक संशोधन करवा सकता है।
5. विश्वविद्यालय द्वारा घोषित समय–सारिणीनुसार ही परीक्षाऐं आयोजित करवायी जाती है किन्तु अपरिहार्य परिस्थितियों (Unavoidable circumstances) में परीक्षा आयोजन की तिथियॉं परिवर्तित की जा सकती है, तदनुसार संबंधित परीक्षा केन्द्रों / परीक्षार्थियों को निर्धारित प्रक्रियानुसार सूचित किया जा सकेगा।
6. यदि किसी परीक्षार्थी को प्रश्न पत्र बाबत् कोई शिकायत है तो अपना तथ्यात्मक शिकायती पत्र संबंधित परीक्षा केन्द्र से अग्रेषित करवाकर परीक्षा आयोजन की तिथि से एक सप्ताह के भीतर विश्वविद्यालय को प्रेषित किया जाना अनिवार्य है, जिसके पश्चात् किसी भी परीक्षार्थी की शिकायत किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं होगी।
7. परीक्षार्थी उसे वितरित किये गये Map (Wherever Applicable), जिसे उत्तरपुस्तिका के साथ संलग्न किया जायेगा, पर केवल अपनी उत्तरपुस्तिका का क्रमांक (Sr. No.) ही अंकित करेंगे। अनुक्रमांक अंकित किया जाना पूर्णतः निषेद हैं, यदि किसी परीक्षार्थी द्वारा Map पर अनुक्रमांक अंकित किया जाता है तो ऐसा प्रकरण अनुचित साधनों का प्रयोग (U.M. case) माना जायेगा एवं तदनुसार ही संबंधित परीक्षार्थी के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।
8. नियमित परीक्षार्थी विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित की गई अपरिहार्य न्यूनतम उपस्थिति (75%) पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करेंगे, अन्यथा उनकी परीक्षा में उपस्थिति निरस्त की जा सकती है।
9. परीक्षा केन्द्र में मोबाईल, चैट जी.पी.टी. एवं अन्य संचार उपकरणों का प्रयोग पूर्णतया निषेध है। यदि कोई परीक्षार्थी ऐसे साधनों का उपयोग करता हुआ पाया जाता है तो संबंधित परीक्षार्थी के विरूद्ध नियमानुसार U.M. case दर्ज होगा।
10. कोई भी परीक्षार्थी सोशल मीडिया पर अपलोड की गई अनुचित भ्रामक अफवाओं एवं संदेशों का ना तो अनुसरण करेंगे तथा ना ही इन्हें फैलाऐंगे एवं अनावश्यक प्रचार करेंगे, अन्यथा उनके विरूद्ध नियमानुसार U.M. case दर्ज किया जा सकेगा।
11. परीक्षा संबंधी समस्त सूचनाओं से अद्यतन (For updation) होने हेतु वेबसाईट www.uniraj.ac.in एवं www.univraj.org तथा अपने महाविद्यालय की College login I.D. एवं ईमेल का नियमित रूप से अवलोकन करते रहें।

अतः विश्वविद्यालय परीक्षाओं के सफल, सुगम एवं निर्बाध संचालन हेतु उक्तानुसार जारी किये गये **दिशा–निर्देशों का समस्त परीक्षा केन्द्रों द्वारा अक्षरशः पालन सुनिचित किया जाये, साथ ही उक्त दिशा–निर्देशों को छात्रहितार्थ / सूचनार्थ अपने सूचना पट्ट (Notice Board) पर चस्पा करेंगे।**

परीक्षा नियंत्रक